# नशेड़ी सिंचाई निरीक्षक पर कार्यवाही की मांग

जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता से की शिकायत

**सिवनी नवभारत। केवलारी तिलवारा बाई तट नहर संभाग जल संसाधन विभाग केवलारी कार्यालय में पदस्थ सिंचाई निरीक्षक अयोध्या मरावी द्वारा विभाग के केवलारी कार्यालय में तथा परिसर में खुलेआम गांजा बीड़ी का धूम्रपान किया जा रहा है विगत दिनों कर्मचारियों के विरोध करने के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के समझाने के बाद भी सिंचाई निरीक्षक लगातार धूम्रपान कर रहा है जिससे कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को गंभीर बीमारी झेलना पड़ रही है।**

## प्रमुख अभियंता को लिखा पत्र गंभीर बीमारी की आशंका

केवलारी कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल को प्रेषित पत्र में बताया कि मरावी गांजा बीड़ी का लगातार धूम्रपान करता है तथा कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में खाखता खखरता रहता है स्वयं फेफड़ा की गंभीर बीमारी से पीड़ित है हम सभी कर्मचारियों को तपेदिक एवं फेफड़े का कैंसर स्वाश जैसी बीमारी की संभावना बढ़ गई है कार्यालय के कमल तिवारी, रवि सोनी, सनी खोबरागड़े, राहुल ठाकुर, जय सिंह बघेल, सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने मरावी को हटाकर इसका मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने की मांग की है कर्मचारियों ने यह भी बताया कि कार्यालय के कई कर्मचारियों की मौत का कारण मरावी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के कारण हुई है।



### कार्यालय में कभी भी हो सकती है अग्नि दुर्घटना

मरावी द्वारा खुलेआम बीड़ी सिगरेट गाजा जलने वाले जलनशील पदार्थ माचिस लाइटर कार्यालय के सरकारी दस्तावेजों के ऊपर तथा शासकीय अलमारी पर खुलेआम रखा रहता है जिससे कभी भी कोई भी बड़ी अग्नि दुर्घटना होकर महत्वपूर्ण दस्तावेज जलने की संभावना बढ़ गई है


### इनका कहना है

मेरे द्वारा कार्यालय में किसी भी प्रकार का धूम्रपान नहीं किया जाता ।जिन्होंने भी मेरी शिकायत की है झूठी है।

**अयोध्या मरावी, सिंचाई निरीक्षक**



# विविधता हमारी संस्कृति की कमजोरी नहीं शक्ति है



**सिवनी नवभारत।** प्रकृति के पांच तत्व, नदियां, पेड़ पौधे सामाजिक समरसता के ज्वलंत प्रतीकहैं। नदियाँ परमात्मा के विराट स्वरूप की धमनियां है। सामाजिक वर्ण व्यवस्था नैसर्गिक तथा अनादि काल से है, इसे हटाने के बजाय इसमें आयी बुराइयों को दूर करना चाहिए ।

उक्त आशय के प्रेरक उदगार, गीता मनीषी पूज्य ब्रह्मचारी श्री निर्विकल स्वरूप जी महाराज के मुखारविंद से सिवनी नगर के समीप ग्राम लखनवाड़ा बैनगंगा तट पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन मैं प्रकाशित हुए।

माँ बैनगंगा में दीपदान एवं महा आरती ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुई। माँ बैनगंगा के तट पर, आयोजित विशाल हिन्दू में पूज्य श्री निर्विकल्प स्वरूप जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाराज जी ने लौकिक दृष्टांतों के माध्यम से अपने सरल और प्रेरणादायक विचारों से लोगों को धर्म, संस्कृति और अच्छे संस्कारों का महत्व बताया। एवं माँ बैनगंगा को स्वच्छ रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इनमें कुड़ा-कचरा, प्लास्टिक आदि नहीं डालने की नसीहत दिया साथ ही हज़ारों लोगों के साथ पूज्य श्री ने माँ बैनगंगा दीपदान किया एवं महाआरती की गई। ब्रह्मचारी जी ने अपने पूज्य गुरुवर ब्रह्मलीन द्वि पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज* की आज्ञा से 13 वर्ष पूर्व 2013 में बैनगंगा के उद्गम से अंत तक किए गए पैदल परिभ्रमण का संस्मरण सुनाते हुए पुण्य दायनी बैनगंगा के पौराणिक धार्मिक महत्व को बताया।

## एक नजर में

### चौथा आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी।** कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस ने प्रकरण के चौथे फरार आरोपी प्रिंस उर्फ रामू मालवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस मामले में तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।घटनाक्रम के अनुसार 7 जनवरी 2026 को मृतक आदर्श बघेल और अभिजीत बघेल, आरोपी श्रीकांत उर्फ गज्जू डहेरिया की कार लेकर अमोदागढ़ घूमने गए थे।वापसी के दौरान कान्हीवाड़ा हनुमान मंदिर के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।इसके बाद कार मालिक श्रीकांत डहेरिया, अंकित बघेल, प्रिंस मालवी, राहुल सनोडिया और हर्षित मालवी ने मृतकों पर कार सुधरवाने के लिए 2 लाख रुपये देने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।आरोपियों द्वारा बार-बार फोन कॉल कर रुपयों की मांग करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से परेशान होकर आदर्श और अभिजीत ने 9 जनवरी को गंगानगर स्थित एक मकान में अज्ञात जहर का सेवन कर लिया था।उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।कोतवाली पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 108 और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी।गिरफ्तार आरोपी प्रिंस उर्फ रामू मालवी पिता गोधन मालवी निवासी मानेगांव का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।उसके विरुद्ध कोतवाली थाने में मारपीट के 8 मामले और सट्टा एक्ट का एक प्रकरण दर्ज है।इसके अलावा डुंडासिवनी थाने में जुआ एक्ट के 2, अवैध शस्त्र का 1 और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का 1 मामला दर्ज है।




### राज्य स्तरीय कराटे में सिवनी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

छपारा। 16 वी इंडियन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप बालाघाट में स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के 12 सदस्य दल ने हिस्सा लिया था जिसमें विभिन्न आयु वर्ग और वजन वर्ग में पदक प्राप्त किये जिले के घंसौर, धनौरा और छपारा विकासखंड से खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें रागिनी यादव (स्वर्ण पदक) काता कुमिते में मेघा प्रजापति मैं और (स्वर्ण पदक) समर्थ राजपूत (रजत पदक )अनुश्री सल्लाम (रजत पदक) सूर्यांश साहू (कांस्य पदक)मुनेश प्रजापति ( कांस्य पदक) खुशबू चक्रवर्ती (रजत पदक) हलीमा खान (कांस्य पदक) शुभम द्विवेदी ( कांस्य पदक) नंदनी यादव( कांस्य पदक) पदक विजेता रहे प्रतियोगिता में 30 जिलों के लगभग 600 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया खिलाड़ियों को विभागीय कोच नारायण सिंह प्रजापति एवं प्रशिक्षक अन्नपूर्णा धुर्वे गीतेश प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण दिया गया इन सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता देहरादून में मध्य प्रदेश के दल में शामिल होकर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ियों को समस्त मीडिया टीम प्राचार्य अभिभावक व पदाधिकारी खेल प्रेमियों ने बधाई दी उज्जवल भविष्य की कामना दी

### सिद्ध हनुमान मंदिर में पाटोत्सव आज

सिवनी।जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर मुंगवानी कलां स्थित सोसायटी परिसर के समीप सिद्ध हनुमान मंदिर में चतुर्थ पाटोत्सव समारोह का आयोजन 22 जनवरी 2026 (गुरुवार) को श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी 2022 को शुभ मुहूर्त में महाबली श्री हनुमान जी महाराज के भव्य मंदिर का निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई थी।इसी क्रम में इस वर्ष मंदिर का चतुर्थ पाटोत्सव मनाया जा रहा है।कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सिंघोड़ी निवासी पुरोहित पंडित हरिप्रसाद मिश्रा द्वारा अभिषेक, हवन-पूजन, सत्यनारायण कथा, हवन एवं पूर्णाहुति सहित समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।इसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसके बाद भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।इस दौरान महाकौशल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भजन गायक पंडित लोकेश शुक्ला, राजू भैया,शिवशंकर पैठानिया, सहित अन्य भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे।धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।मंदिर समिति अध्यक्ष जोगेश ठाकुर ने समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

# धार्मिक आयोजन में शामिल हुए विधायक



**सिवनी नवभारत।** सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्र मे ग्राम आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों मे सहभागिता कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किया। ग्राम सीलादेही मे आगामी माह 21 फरवरी से 28 फरवरी तक नवनिर्मित भव्य द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है उक्त संबंध मे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य मे आयोजित बैठक मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा पूज्य शंकराचार्य जी के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और महोत्सव को भव्य बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान आपने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारे समाज मे समरसता और ऊर्जा का संचार करते हैं ग्राम सीलादेही मे होने वाला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे भगवान की इस दिव्य कथा में शामिल होने का अवसर मिला। जीवन में श्रीमद् भागवत कथा वह अमृत है जो हमारे मन को शांति प्रदान करता है और हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है महाराज श्री के मुखारविंद से बह रही यह ज्ञान गंगा हम सभी के जीवन का कल्याण करे, यही मेरी प्रार्थना है। इसके साथ ही आपने भव्य आयोजन के लिए आयोजक समिति को बहुत-बहुत बधाई दिया।

### स्किल कमेटी की बैठक आज

सिवनी। प्राचार्य आई टी आई सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरूवार 22 जनवरी को शासकीय आईटीआई सिवनी मे जिला स्किल कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले की आईटीआई में संचालित व्यवसायों की समीक्षा, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना .पी. एम. विश्वकर्मा योजना, नेप्स. पी. एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत (सोलर टेक्निशियन का प्रशिक्षण) एवं जिले में कौशल गतिविधियों को बढ़ाने सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की जायेगी।

# जंगल में मिले गौवंश अवशेषों के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** भुरकल खापा औद्योगिक क्षेत्र के पास जंगल में मिले गौवंश अवशेषों के मामले में डूंडासिवनी पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त बलिनो कार और मांस काटने के औजार भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने कपुर्दा में वध करने के बाद अवशेषों को कार से लाकर भुरकल खापा के जंगल में फेंका था। औद्योगिक क्षेत्र के नाले और जंगल में अवशेष मिलने के बाद पुलिस टीम अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों में एक बलिनो कार घटनास्थल के पास संदिग्ध रूप से घूमती नजर आई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने भैया पटरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें सिवनी बोरी और कपुर्दा के अन्य साथियों के नाम उजागर हुए। आरोपियों ने बताया कि 19 जनवरी की रात अमित चौरसिया के कपुर्दा स्थित खेत पर बने मकान के पीछे दो गौवंश का वध किया गया था। वहां से मांस को कार के जरिए भैया पटरी के खेत लाया गया और छोटे टुकड़े करने के बाद अवशेषों को भुरकल खापा के पास ठिकाने लगा दिया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में शहीद वार्ड सिवनी निवासी फिरोज खान पिता इब्राहिम खान उम्र 45 साल, कपुर्दा जिला छिंदवाड़ा निवासी अमित उर्फ अम्मू खान पिता मथुरा प्रसाद चौरसिया उम्र 35 वर्ष, जगदम्बा सिटी सिवनी निवासी मस्सीउजजमा उर्फ भैया पटरी पिता नजमुजमा उम्र 48 साल, बोरी थाना बरघाट निवासी मोहसिन उर्फ काला पिता मोहम्मद खान उम्र 22 वर्ष और इमरान उर्फ इम्मु पिता अनवर खान उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियों के पास से ग्रे कलर की बलिनो कार क्रमांक एमपी 22 जेडए 8799 सहित दो एंड्राइड मोबाइल दो लकड़ी के कुंदे और दो लोहे के बके जब्त किए गए हैं।आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**लखनादौन नवभारत।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के अंतर्गत निरंतर निरंतर किये जा रहे कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 21 जनवरी 2026 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित लखनादौन-खवासा परियोजना की हाईवे टीम द्वारा छपारा स्थित सांदीपनि विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाईवे टीम एवं सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी सरल, रोचक एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से दी गई। पोस्टर, चार्ट एवं वीडियो संदेशों के जरिए हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के महत्व को विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों का हाईवे टीम द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप चॉकलेट एवं पेन वितरित किए गए। मड़ई टोल प्रबंधक हेमंत राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिसे बचपन से अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित यातायात व्यवहार को अपने जीवन में अपनाने और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हाईवे टीम से प्रबंधक हेमंत राजपूत, सेफ्टी मैनेजर शुभम दत्ता, प्रबंधक रघुवीर सिंह, सेफ्टी अधिकारी रवि यादव , आई टी मैनेजर दीपेंद्र राठौर , अर्पण सिंह , बृजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता मे सहभागिता करेंगे जिले के 26 विद्यार्थी

**सिवनी नवभारत।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि जोन स्तरीय विज्ञान,गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 28 एवं 29 जनवरी 2026 डाईट जबलपुर में किया जावेगा। जोन स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विकासखण्ड सिवनी से 06, बरघाट से 01, केवलारी से 09, कुरई से 01, छपारा से 04, लखनादौन से 05 विद्यार्थी सम्मिलित होगें। जिले मे कुल 26 विद्यार्थियो का चयन जोन स्तर के लिये हुआ है, जिसमे से 04 छात्र एवं 22 छात्राऐं है। चयनित सभी विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शी शिक्षको को कलेक्टर सह-मिशन संचालक श्रीमती शीतला पटले एवं शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा शुभकामनाऐं प्रेषित की गई है।

# पिट्ठू प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में जिला स्तरीय पिट्ठू महिला व पुरुष प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में सिवनी जिला के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालय मै , लखनादौन, बरघाट, केवलारी, घन्सोर, छपारा और सिवनी के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने किया चयनकर्ता के रूप में अर्चना पाठक उपस्थित रही प्रतियोगिता को संम्पादित कराने मै डॉ कमलेश टेम्भरे, मनीष परिहार का सहयोग रहा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए डॉ पवन वासनिक, के के बरमैया, डॉ टीपी सागर, डॉ संदीप शुक्ला, डॉ अमिताभ शर्मा सहित स्पोर्ट ऑफिसर ,डॉ कादीर खान , डॉ सपन जाट, डॉ सायमा सरदेशमुख, जसवंत सिंह राजपूत, सुधीर डेहरिया , शिवानी साहू, समेत महाविद्यालय के कर्मचारी व अधिकसरी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि राज्य के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पिट्ठू प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी जिला दल के चयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तर पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में फ़रवरी के प्रथम सप्ताह आयोजित होना है।

**इश्तहार सूचना**

मेरा नाम मोहमद नसीर खान पिता मसूद खान है। मैं बोरी कला, पोस्ट बोरी कला लहसील बरघाट जिला सिवनी का निवासी हूँ। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी दस्तावेजों में पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद नसीर अहमद था जिसका मैने दस्तावेजी संसोधन करा लिया है।और अब मेरा नाम मोहमद नसीर खान पिता मसूद खान पड़ा जाये। मेरे पूर्व लाइसेस मे मी मेरा नाम मोहमद नसीर अहमद लिखा गया था जिसे संसोधन के लिये प्रस्तुत किया गया है। उसमे भी मेरा नाम मोहम्मद नसीर खान दर्ज किया जाये।

प्रार्थी
मोहमद नसीर खान
पिता मसूद खान

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**

आवश्यकता है

इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन

संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567

**चुनरी यात्रा** | नर्मदा जयंती के अवसर पर अर्पण की जाएगी 151 फिट लंबी चुनरी

# गणेशगंज से बरमान मां नर्मदा को चुनरी अर्पण करने निकले भक्त



**गणेशगंज नवभारत।** गणेशगंज से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर पैदल यात्रा गणेशगंज से बरमान के लिए 21 जनवरी दिन बुधवार को निरंतर ग्यारह वें वर्ष रवाना हुई। यात्रा की शुरुआत गणेशगंज के सिद्धपीठ संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती कर की गई उसके पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा श्री राधाकृष्ण शिवशंकर मंदिर एवं मां खेरापति मंदिर में विधिवत आरती पूजन पूरे भक्ति भाव के साथ की गई।

यात्रा आरंभ होते ही एक तरफ़ जहां माता के भक्त भव्य 151 फिट लंबी चुनरी यात्रा दर्शन करते हुए चुनरी में फल,फूल यथा शक्ति दान अर्पित किए । वही दूसरी ओर स्थानियजनों द्वारा जगह जगह पैदल यात्रियों के लिए जल पान नाश्ता चाय का प्रबंध किया गया ।

नर्मदा जयंती के मौके पर पूरा शहर भगवा रंग में रंग जाता है। शोभायात्रा के दौरान मां नर्मदा की सुंदर पालकी सजाई जाकर निकाली जाती है इस दौरान लाखों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते है।

### पौराणिक कथा अनुसार मां नर्मदा को शिव की पुत्री माना जाता है

मां नर्मदा को पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव की पुत्री माना जाता है। जिनका जन्म शिव के पसीने की बूंदों से हुआ था जब वे गहन तपस्या में लीन थे और इसलिए उन्हें शंकरी और शिव की पुत्री कहा जाता है। साथ ही वे राजा मैखल की पुत्री भी कहलाती हैं क्योंकि उनका उद्गम मैकल पर्वत से हुआ है। माना जाता है नर्मदा जी में स्नान करने से पापों का नाश, शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति, मोक्ष की प्राप्ति और गृह दोषों से छुटकारा मिलता है। यह गंगा नदी के समान पूजनीय मानी जाती है और इसके दर्शन मात्र से भी पुण्य मिलता है। इसके अलावा, यह दांपत्य जीवन में खुशहाली और विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने में भी सहायक मानी जाती है साथ ही पितरों के तर्पण के लिए भी पवित्र है।

### 25 जनवरी को नर्मदा जयंती में भगवामय होंगे शहर

माघ महीने के शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को मां नर्मदा जयंती प्रतिवर्ष बड़े भक्ति भाव के साथ मनाई जाती है।कहा जाता हैं इस दिन माता के जो भक्त मां नर्मदा की पूजा कर चुनरी भेंट करते हैं उनके जीवन में मां नर्मदा शांति और समृद्धि लाती है।स्नान-ध्यान कर पूजा, जप-तप और दान-पुण्य करते हैं।इसके साथ ही नर्मदा जयंती पर परिक्रमा यात्रा का समापन भी होता है।अनूपपुर जिले के अमरकंटक में मां नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है जहां से मंडला, जबलपुर, नरसिंहपुर,नर्मदापुरम,होते हुए पश्चिम दिशा की ओर बहते हुए अरब सागर में मिलती है।

### इनका कहना है



प्रतिवर्ष अनुसार इस ग्यारह वें वर्ष भी नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में मां नर्मदा को चुनरी अर्पण करने माता के भक्त बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हुए है।मातारानी सभी भक्तो पर अपनी कृप्या दृष्टि बनाएं रखें।

**विनय केशरवानी ( पैदल यात्री )**




हमारे साथ लगभग 300 पद यात्री यात्रा में शामिल हैं और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ यह यात्रा शोभायमान होती है।

**बसंत चंद्रवंशी ( पैदल यात्री )**

# फर्जी मामले से जमानत पर रिहा हुए पत्रकार , धनौरा में हुआ स्वागत

**धनौरा नवभारत।** विगत दिनों कथित साजिश के तहत फर्जी मामले में फँसाए गए पत्रकार अमित सोनी को न्यायालय से जमानत मिलने के बाद धनौरा क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जेल से रिहा होकर जैसे ही अमित सोनी धनौरा पहुँचे, बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।



नगर में प्रवेश करते ही बाजे-गाजे बजे, आतिशबाजी की गई और सत्य की जीत होगी जैसे नारों के साथ लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि सच्चाई अंततः सामने आएगी और न्याय मिलेगा। इस अवसर पर शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने पत्रकार अमित सोनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें संघर्ष में मजबूत बने रहने का संदेश दिया। लोगों ने इसे सत्य और न्याय की जीत बताते हुए कहा कि पत्रकारिता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जमानत के बाद मिले इस जनसमर्थन से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और धनौरा में एकजुटता व न्याय के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। पत्रकार अमित सोनी की और से अधिवक्ता विशाल डेनियल और अधिवक्ता शशांक शेखर की टीम ने अच्छी पैरवी की गई